RNI Regd. No. 7756/59

स्वतंत्र सोच, निष्पक्ष अभिव्यक्ति

66 वां वर्ष

दण्डकारण्य समाचार

जगदलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

■ जगदलपुर, सोमवार 26 फरवरी 2024 ■ वर्ष 66 ■ अंक 40 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य 2.00 ■ संस्थापक - स्व. श्री तुषार कांति बोस

छग के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का शुभारंभ

- राजधानी रायपुर में 4.33 करोड़ रुपए की लागत से बनी है अत्याधुनिक प्रयोगशाला
- खाद्य पदार्थों को दूषित करने वाले बैक्टीरिया, फंगस, यीस्ट, मोल्ड आदि की हो सकेगी जॉच

रायपुर, 25 फरवरी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शाम राजकोट से राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी में स्थित छत्तीसगढ़ के प्रथम माईक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ही समय में देश के विभिन्न शहरों में अनेक लोकार्पण और शिलान्यास कर नई परंपरा की शुरूआत की। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे ही तेज गति से कार्य कर विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन मोदी जी की गारंटी को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम प्रत्येक नागरिक को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। बेहतर स्वास्थ्य की संकल्पना पूरी हो सके इसके लिए यह लैब खाद्य सुरक्षा के लिए एक कवच का काम करेगी। कार्यक्रम में विधायक रायपुर ग्रामीण श्री मोतीलाल साहू, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री दीपक सोनी, एमडी एनएचएम डॉ. जगदीश सोनकर, आयुक्त नगर निगम श्री अबिनाश मिश्रा, उप सचिव भारत सरकार श्री पुलकेश, एफएसएसएआई के अधिकारी श्री शरद राव तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

दिसंबर 2006 से कालीबाड़ी रायपुर स्थित नवीन भवन में खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसमें आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी वेह्र द्वारा माइक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात दी गई। यह प्रयोगशाला खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की अतिरिक्त वित्तीय सहायता 4 करोड़ 33 लाख रूपए से तैयार की गई है। यह प्रदेश की प्रथम खाद्य माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला है।

खाद्य पदार्थों एवं पेयजल को हानिकारक सूक्ष्म-जीवाणुओं द्वारा दूषित कर दिया जाता है, जिससे जन-सामान्य को कई तरह की बीमारियां होने की संभावना रहती है। खाद्य जनित बीमारियॉ जैसे उल्टी, डायरिया, टाईफाईड, बुखार, हैजा, त्वचा संबंधित बीमारियां आदि होती है। पूर्व में प्रयोगशाला में रासायनिक परीक्षण, हैवी मैटल, पेस्टीसाईड, विटामिन्स की परीक्षण होती थी, परन्तु माईक्रोबायोलॉजिकल मानकों की जॉच नहीं होती थी। अब आधुनिक मशीनों से सुसज्जित माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला प्रारंभ होने से खाद्य पदार्थो को दूषित करने वाले बैक्टीरिया, फंगस, यीस्ट, मोल्ड आदि की जांच हो सकेगी।

अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाज पर ड्रोन से हमला

- भारतीय युद्धपोत ने बचाया

नई दिल्ली ,25 फरवरी (ए)। भारतीय नौसेना ने कथित ड्रोन हमले में आग लगने के बाद पलाऊ के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी आइलैंडर को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। नौसेना ने बताया कि घटना 22 फरवरी को हुई।

नौसेना ने एक बयान में कहा, आपात कॉल पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय नौसेना का विध्वंसक, समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात मिशन 22 फरवरी की दोपहर जहाज के आसपास पहुंच गया। इसमें कहा गया है कि भारतीय नौसेना के विस्फोटक युद्ध सामग्री विशेषज्ञ जहाज पर चढ़े और सुनिश्चित किया कि कोई और जोखिम नहीं है।

बयान में कहा गया है, जहाज को आगे के पारगमन के लिए मंजूरी दे दी गई थी। मास्टर के अनुरोध पर, मेडिकल टीम भी जहाज पर चढ़ गई और एक घायल चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता प्रदान की। इसमें कहा गया है कि भारतीय नौसेना के जहाजों के अथक प्रयास व्यापारिक नौवहन और नाविकों की सुरक्षा के प्रति नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

आस्था' स्पेशल ट्रेन से रामभक्त रवाना हुए अयोध्या धाम

- संस्कृति मंत्री ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

रायपुर, 25 फरवरी। श्रीरामलला के दर्शन को लेकर गांव से लेकर शहरों में उत्साह का माहौल है। संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज को राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से रामभक्तों को अयोध्या धाम लेकर जा रही 'आस्था' स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री रामलला के दर्शन करना लोगों के जीवन का एक अविस्मरणीय पल है। वे लोग बहुत सौभाग्यशाली हैं प्रभु के दर्शन का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेन का प्रबंध करने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

सिंघु और टिकरी बॉर्डर खुलने शुरू

नई दिल्ली ,25 फरवरी (ए)। किसान आंदोलन के बीच दिल्ली पुलिस ने बड़ा फैसला किया है। दिल्ली पुलिस टिकरी और सिंघु बॉर्डर पर किसानों को रोकने के लिए लगाए बैरिकेड को अस्थाई तौर पर हटा रही है ताकि रास्ते को आम यातायात के लिए खोला जा सके। बताया जा रहा है कि पुलिस सड़क के दोनों तरफ का एक हिस्सा आवाजाही के लिए खोल रही है। इससे लोगों को दिल्ली आवागमन में काफी राहत मिल सकेगी। किसानों के दिल्ली में प्रवेश को रोकने के लिए पुलिस ने दोनों बॉर्डर पर कंक्रीट की दीवार से बैरिकेडिंग की थी।

बता दें कि न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत करीब दर्जन भर मांगों को लेकर किसान अभी भी पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर डटे हुए हैं।

बिना ड्राइवर के 75 किमी तक 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

होशियारपुर ,25 फरवरी (ए)। रविवार सुबह कटुआ से एक मालगाड़ी बिना ड्राइवर के ही ट्रैक पर दौड़ना शुरू हो गई। बात का जैसे ही स्टेशन अधीक्षक को पता तो उसने तुरंत प्रभाव से कंट्रोल को सूचित किया। इसके बाद माधोपुर, सुजानपुर, भरोली, पठानकोट कैंट, मुकेरियां आदि स्टेशन मास्टरों को लाइन क्लीयर करने का आदेश जारी हो गया।इसके बाद ट्रेन सभी स्टेशनों पर बिना किसी रुकावट के दौड़ती गई। सुबह करीब 7:20 बजे यह मालगाड़ी निकली, जिसे करीब 9:15 बजे ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन पर रोक लिया गया। गणीमत रही कि मालगाड़ी के आगे कोई ट्रेन नहीं चल रही थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

मोदी मित्रों के हैं किसानों के नहीं -राहुल

नयी दिल्ली 25 फरवरी (ए) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह मित्रों के लिए सब कुछ कर सकते हैं लेकिन किसानों के हित के लिए कोई कदम उठाने को तैयार नहीं है।श्री गांधी ने ट्वीट कर कहा क्या मोदी मित्रों का कर्ज़ा माफ हुआ, हां। क्या मोदी मित्रों को कॉर्पोरेट टैक्स में छूट मिली, हां। क्या मोदी मित्रों को सस्ती ज़मीनें दी गईं, हां।

पीएम मोदी ने की स्कूबा डाइविंग

- समंदर में डूबी द्वारिका नगरी के किए दर्शन

नई दिल्ली ,25 फरवरी (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं। यहां उन्होंने पहले बेट द्वारका मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद सबसे लंबा केबल ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने द्वारका के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग भी की। इस दौरान उनकी सुरक्षा में भारतीय नौसेना के अधिकारी तैनात रहे।

द्वारका में एडवेंचर स्पोर्ट्स और टूरिज्म को बढ़ावा देने के मकसद से पीएम मोदी ने स्कूबा डाइविंग की। इस दौरान पीएम मोदी गहरे समुद्र में गए और उस स्थान पर प्रार्थना की, जहां भगवान श्री कृष्ण का जलमग्न द्वारका शहर है। यह प्राचीन शहर भगवान श्री कृष्ण से जुड़ा हुआ है, जो भव्यता और समृद्धि का केंद्र था। यह समुद्र के भीतर एक ऐसा स्थान है, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संजोए हुए है। पीएम मोदी ने स्कूबा डाइविंग के जरिए भगवान श्रीकृष्ण से अपने गहरे जुड़ाव को उजागर किया। उन्होंने इसको लेकर कहा कि यह एक दिव्य अनुभव था। पीएम मोदी इसके पहले लक्षद्वीप में भी स्कूबा डाइविंग कर चुके हैं और तब उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं। गौरतलब है कि स्कूबा डाइविंग में पानी की गहराई में तैरना होता है। इसके लिए ऑक्सीजन सिलेंडर व तैराकी वाले पोशाक और स्विमिंग गॉगल्स की भी जरूरत होती है। इसे सेल्फ कंटेंड अंडरवाटर ब्रीदिंग एपरेसट कहा जाता है।

मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के भद्राचलम में सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर में की पूजा-अर्चना

रायपुर, 25 फरवरी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज तेलंगाना में भद्राचलम स्थित श्री सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। श्री साय ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना भगवान श्रीराम से की। उल्लेखनीय है कि श्रीसीतारामचंद्र स्वामी मंदिर भद्राचलम में गोदावरी नदी के किनारे स्थित सिद्ध मंदिर है।

आईईडी ब्लास्ट में छसबल 19/ए कंपनी का जवान शहीद

बीजापुर 25 फरवरी (दण्डकारण्य समाचार)।थाना मिरतुर क्षेत्रान्तर्गत 25 फरवरी को छसबल कैम्प बेचापाल से सुरक्षा पार्टी गांडोकलपारा से कुतुलपारा की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी

आज अपरान्ह 03:30 बजें बेचापाल पदमपारा के पास माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से कैम्प बेचापाल मे पदस्थ प्रधान आरक्षक राम आशीष यादव शहीद हो गये। क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है।

इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी को गोलियों से भूना, हालत गंभीर तीन सुरक्षाकर्मी भी घायल

बहादुरगढ़ ,25 फरवरी (ए)। हरियाणा के बहादुरगढ़ में इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि बराही फाटक के पास हुए इस हमले में नफे सिंह राठी समेत उनके सुरक्षा में तैनात तीन सुरक्षाकर्मी भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद उन्हें शहर के ब्रह्मगक्ति संजीवनी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मौके से 18 गोलियों के खोल बरामद किए हैं। अभी मामले की जांच चल रही है। हमलावर आई-10 गाड़ी में सवार होकर आए थे।

भारत, जापान संयुक्त अभ्यास धर्म गार्जियन राजस्थान में शुरू

नयी दिल्ली, 25 फरवरी (ए) भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्जियन का पांचवां संस्करण रविवार को राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ।

रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के तहत अर्ध-शहरी वातावरण में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है।

यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर केंद्रित होगा।

जालंधर में गैंगस्टर लखबीर के 3 साथी गिरफ्तार,17 हथियार और 33 मैगजीन बरामद

जालंधर ,25 फरवरी (ए)। जालंधर कमिश्नरेट पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर लखबीर लंडा के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास 17 हथियार और 33 मैगजीन बरामद हुए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपी मध्य प्रदेश से हथियार लेकर आते थे और यहां महंगे भाव में बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।पंजाब के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर लखबीर सिंह संधू उर्फ लंडा पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को ही 15 लाख रुपए इनाम रखा है। लखबीर सिंह पर पंजाब में आतंक फैलाने के आरोप हैं। वह 2017 में विदेश भाग गया था। तब से हद्ब उसकी तलाश कर रही है। लखबीर सिंह पंजाब में कई आतंकी घटनाओं और पाकिस्तान से असलहों की सप्लाई में भी शामिल रहा है।

आज का इतिहास

1994 - प्रसिद्ध भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान बजरंग पूनिया का जन्म।

1995 - कॉपीराइट मुद्दे पर अमेरिका एवं चीन के बीच समझौता।

1998 - वेनेजुएला- प्रशांत महासागर में पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा गया।

1999 - पांच ग्रैमी अवार्ड जीतकर रैप गायिका लॉरिन हिल ने नया रिकार्ड बनाया।

2001 - क्रिकेट के महानतम खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन का निधन।

बहुत खूब

अंतरिक्ष में धरती की बाउंड्री कहां तक क्या है इस सीमारेखा का नाम कार्मन लाइन है

नई दिल्ली 25 फरवरी (ए)। धरती कहां समाप्त होती है और अंतरिक्ष कहां से शुरू होता है, यह सवाल सदियों से रहा है. लेकिन इसका जवाब बेहद सरल है. इस सीमा रेखा को कार्मन लाइन कहते हैं. कार्मन लाइन समुद्र तल से तकरीबन 100 किलोमीटर ऊपर की सीमा है. यहां से नीचे धरती का वायुमंडल है, जबकि ऊपर अंतरिक्ष शुय हो जाता है. हालांकि, यह एक लाइन नहीं हो सकती. क्योंकि धरती के धूमने और स्थलों की ऊंचाई के हिसाब से इसकी ऊचाई भी घटती बढ़ती रहती है.

वैज्ञानिकों के मुताबिक, धरती का वायुमंडल अचानक समाप्त नहीं होता. अधिक ऊंचाई पर यह पतला, और पतला हो जाता है, जिसका अर्थ है कि कोई निश्चित ऊपरी सीमा नहीं है. अंतर्राष्ट्रीय कानून के मुताबिक, बाहरी अंतरिक्ष सभी के लिए होगा. यहां कोई भी रिसर्च कर सकता है. लेकिन यह वास्तव में कहां से शुरू होता है, इसकी कोई विभिन्न परिभाषा और कानून नहीं है. उदाहरण के लिए, नासा और अमेरिकी सेना के लिए अंतरिक्ष लगभग 80 किलोमीटर की ऊंचाई पर शुरू होता है. लेकिन फेडरेशन एरोनॉटिक इंटरनेशनेल और अन्य देशों के लिए कार्मन लाइन 100 किलोमीटर के थोड़ा ऊपर शुरू होता है.वैज्ञानिकों के मुताबिक, जैसे-जैसे कोई विमान ऊंचाई पर चढ़ता है, आसपास हवा का घनत्व कम, और कम होता जाता है. लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है. उन्हें बचाने के लिए केबिन की हवा चाहिए होती है. लेकिन कार्मन लाइन के ऊपर होने का मतलब है कि वहां हवा बहुत पतली हो जाएगी.जहां सामान्य विमान उड़ान नहीं भर सकता. अगर यहां गए भी तो लोगों की जान बचाना मुश्किल होगा. विमान को एक खास बल द्वारा ऊपर रखा जाता है. इसे गुरुत्वाकर्षण बल से खिंचाव चाहिए होता है. लेकिन ऊपर जाने पर गुरुत्वाकर्षण बल काम नहीं करेगा और विमान काम करना बंद कर देगा।

बसपा सांसद रितेश पाण्डेय भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली, 25 फरवरी (ए) बसपा से उत्तर प्रदेश की अम्बेडकर नगर लोकसभा सीट से सांसद रितेश पांडेय आज भाजपा में शामिल हो गए ।

भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राज्य के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी एवं राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख डॉ संजय मयूख की उपस्थिति में श्री पाण्डेय ने भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने श्री पांडेय का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि श्री रितेश पांडेय जी सामाजिक कार्यकर्ता हैं, वे लगातार जनसेवा में लगे रहते हैं। इनके पिता जी भी अम्बेडकर नगर से विधायक हैं और वे पहले यहाँ से सांसद भी रह चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ÷सबका साथ-सबका विकास÷ के साथ विकसित भारत की संकल्पना रखी है।

पटाखा फैक्ट्री में धमाका मालिक सहित चार की मौत

इंदौर 25 फरवरी (ए) प्रयागराज कानपुर हाईवे पर कोखराज के पास एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से तेज धमाका हुआ। फैक्ट्री में अंदर बैठे फैक्ट्री मालिक सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस रेस्क्यू करने पहुंची, तो मौके पर स्थिति देख हैरान हो गई। फैक्ट्री से 500 मीटर दूर तक लोगों के हाथ-पैर पड़े हुए दिखाई दिए। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी दूर तक आवाज सुनाई दी।प्रत्यक्षदर्थियों की मानें तो हम घर के अंदर थे, तभी तेज आवाजें सुनाई देने लगीं। हम सबने सोचा कि बाहर बिजली कड़क रही है, शायद मौसम खराब हो गया है। बाहर आकर देखा, तो सभी हैरान रह गए, क्यों कि पटाखा फैक्ट्री से धुआं निकल रहा था। हमने थोड़ा करीब आकर देखा, तो मजदूरों के हाथ-पैर बाहर पड़े हुए थे।

लॉग ऑन करें : दण्डकारण्य समाचार इंटरनेट संस्करण http://www.dandakaranyasamachar.com Go